# University in News on 07 May 2021

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# आमजन को कोरोना के तनाव से निकालेगा लविवि

## पहल : मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक छात्रों के साथ शहरियों की भी करेंगे काउंसिलिंग

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। एक बार फिर कोरोना की दूसरी लहर में हर कोई मानसिक तनाव से जूझ रहा है। साथ ही साथ अपने व परिवार के स्वास्थ्य व भविष्य को लेकर भी चिंतित है। इसे ध्यान में रखते हुए व अपने सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल ने विश्वविद्यालय के छात्रों और संबद्ध कॉलेजों के साथ-साथ शहर के सामान्य लोगों की भी मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग करने का निर्णय लिया है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि महामारी की दूसरी लहर पहले की तुलना में अधिक भयावह है, जिसमें हर कोई छात्र अपने निकटतम या परिचय व्यक्ति को खोने के डर से पीड़ित है। इसका असर उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है और वे नकारात्मक विचारों में फंस जाते हैं। ऐसी स्थिति का सामना करने के लिए विश्वविद्यालय ने उनको शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत करने की पहल शुरू की है। विश्वविद्यालय अपने छात्रों को और अधिक संतुलित, ऊर्जावान बनाने के लिए क्लिनिकल और मनोवैज्ञानिक परामर्श देने की व्यवस्था शुरू कर रहा है। मनोविज्ञान विभाग के शिक्षकों द्वारा दिए जाने वाले परामर्श का लाभ आम शहरी भी ले सकेंगे। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क होगी।



### सप्ताह में छह दिन परामर्श

विश्वविद्यालय की परामर्श सेवा सप्ताह में छह दिन चलेगी। आगे इसमें और शिक्षक परामर्शदाता जुड़ेंगे। काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा प्रधान ने बताया कि अब तक 17 शिक्षक एवं काउंसलर्स इससे जुड़ चुके हैं, जो इस महामारी में मानसिक पीड़ा, तनाव आदि से लड़ने में मार्गदर्शन करेंगे।

उन्होंने बताया कि सोमवार से लेकर शनिवार तक दोपहर 12 से 03 बजे तक हर दिन काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल के दो परामर्शदाता छात्रों व शहर के किसी भी व्यक्ति के लिए फोन पर उपलब्ध रहेंगे। छात्र व अन्य व्यक्ति इन नंबरों पर अपने व्यक्तिगत मुद्दों के बारे में परामर्शदाता से बात कर सकते हैं। इसकी पूरी गोपनीयता बनाए रखी जाएगी। इसके नंबर व सदस्यों के नाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है।

### लविवि : ई-लाइब्रेरी में पढ़े हजारों किताबें व शोधपत्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने सभी छात्रों को कोरोना काल में बेहतर और नियमित पढ़ाई के लिए टैगोर लाइब्रेरी के प्रयोग की सलाह दी है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि लाइब्रेरी ने 9273 से अधिक ई-पुस्तकें, 12 ऑनलाइन डेटाबेस और अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों की ऑनलाइन पत्रिकाओं, जैसे स्प्रिंगर-नेचर, एल्सेवियर, टेलर एंड फ्रॉन्सिस, प्यूडसन, प्रॉक्वेस्ट, एबस्को, लेक्सिसनेक्सिस आदि की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा, लाइब्रेरी में इंफ्लिनेट सेंटर, गांधीनगर की ई-शोध सिंधु सेवा भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इनका प्रयोग लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में आईपी एड्रेस के माध्यम से और दूरदराज रहने वाले भी लॉगिन के माध्यम से प्रयोग कर सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के होमपेज पर उपलब्ध 'लाइब्रेरी' पर लिंक के अंदर 'साइबर लाइब्रेरी' भाग में अथवा होमपेज पर ही उपलब्ध 'ऑनलाइन स्टडी मैटेरियल फॉर स्टूडेंट्स' के अंदर 'एक्सेस ई-रिसोर्स ऑफ टैगोर लाइब्रेरी' में क्लिक करने पर यह सभी जर्नल्स, मैगजीन, ई-बुक आदि मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि यह दौर इंटरनेट का है, जो युवाओं के लिए काफी अनुकूल है। ऐसे में उनको इसका प्रयोग बढ़ाना होगा। जल्द ही टैगोर लाइब्रेरी भी आभासी प्रदर्शनियों का आयोजन करके अपनी डिजिटल सेवाओं को अपग्रेड करने की योजना बना रही है। इसका भी विद्यार्थी व शिक्षकों को काफी लाभ मिलेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)



कुलपति ने छात्रों से की लाभ उठाने की अपील

### 53 कॉलेजों के भर्ती विज्ञापन वेबसाइट पर अपलोड

लखनऊ। भर्तियों में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय सहित सहयुक्त 53 महाविद्यालयों के भर्ती विज्ञापन विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर पिछले साल 180 रिक्त पदों पर भर्ती करने की घोषणा की थी। इसमें आवेदन के विज्ञापन से लेकर साक्षात्कार, ज्वॉइनिंग तक की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए विश्वविद्यालय ने रिक्रूटमेंट पोर्टल की शुरुआत की थी। इस पोर्टल पर ही इन सभी से आवेदन लिए गए हैं। इसी पोर्टल पर सभी आवेदकों की दस्तावेजों की स्क्रीनिंग विश्वविद्यालय द्वारा शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसी पारदर्शिता को लखनऊ विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालय में भर्ती में भी सुनिश्चित करने के अनिवार्य कर दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि किसी भी महाविद्यालय में किसी भी पद पर भर्ती के लिए विज्ञापन विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड करना अनिवार्य है। अगर कोई भी भर्ती विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर अपने आवेदन को अपलोड किए बिना होती है तो ऐसे विज्ञापन को खारिज कर दिया जाएगा। इसी का नतीजा है कि इस समय विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 53 कुल महाविद्यालयों की भर्ती के विज्ञापन मौजूद हैं, जिसके बारे में कोई भी जानकारी करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in के करियर्स सेक्शन में जाकर प्राप्त की जा सकती है। यहां से आवेदन भी किया जा सकता है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये मदद कर रहे लविवि के छात्र




लखनऊ। कोविड महामारी में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए 'कोविड रिलीफ आर्मी' नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है, जिसमें 200 से ज्यादा छात्र जुड़े हैं। शुरुआत में युवाओं ने संक्रमित साथियों व उनके परिवारों की इलाज व अन्य कामों में मदद की। इसके लिए आपस में पैसा भी जुटाया। अब ग्रुप के माध्यम से आम लोगों की भी मदद की जा रही है। ग्रुप की शुरुआत करने वाले देवांश कृष्णा श्रीवास्तव, बीए ऑनर्स फाइनल ईयर कार्य के छात्र ने बताया कि पहले तो व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा सीमित क्षेत्र में सहयोग हो पाता है। अब इसमें देश के कोने-कोने से साथी जुड़ गए हैं। ऐसे में अब व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा कोविड संबंधित उचित जानकारी भी प्रत्यक्ष रूप से लोगों तक पहुंचने का काम किया जा रहा है। एप के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को प्लाज्मा, ऑक्सीजन, अस्पताल में बेड की उपलब्धता, दवाइयों के बारे में जानकारी दी जा रही है। ग्रुप में मुख्य रूप से उत्कर्ष, यश, मंगेश, आयुषी, श्रीया, शिवांगी शामिल हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 5

# कोरोना काल में अगर छात्र-छात्राएं तनाव में हैं तो इन नंबरों पर करें कॉल

**एलयू**

लखनऊ | निज संवाददाता

कोरोना संक्रमण के दौर में हर कोई लड़ रहा है। ऐसे में लखनऊ विश्वविद्यालय ने मानसिक तनाव से गुजर रहे लोगों के लिए काउंसलिंग कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से गुरुवार को इसका कार्यक्रम और हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए।

विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि महामारी की दूसरी लहर पहले की तुलना में अधिक भयावह है। छात्र अपने निकट और प्रिय व्यक्ति को खोने के डर से पीड़ित हैं। उनमें या तो लक्षण हैं या परिवार के सदस्यों की देखभाल करने में अपनी सारी ऊर्जा लगा रहे हैं।

वे अपने स्वयं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भार लेते हुए नकारात्मक विचारों के चक्रव्यूह में फंस जाते हैं। इसलिए छात्रों को परामर्श देने की सख्त आवश्यकता है। इसीलिए



एलयू के मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक और काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल के समन्वयक ने स्वयंसेवकों द्वारा परामर्श शुरू कर रहा है।

सोमवार से शनिवार तक दोपहर 12 से तीन बजे तक हर दिन काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल के दो परामर्शदाता छात्रों और शहर के किसी भी व्यक्ति की मदद के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह सुविधा निःशुल्क है। काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल की निदेशक प्रो मधुरिमा प्रधान ने बताया कि अब तक 17 शिक्षक एवं काउंसलर्स इस कार्यक्रम से जुड़ चुके हैं। समस्या को रखने वाले लोगों की गोपनीयता बनाए रखी जाएगी और नैतिक दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा।

परामर्श और मार्गदर्शन सेल की सुविधा के तहत एलयू वेबसाइट पर दिए गए कार्यक्रम के अनुसार फिल्हाल यह सेवा सप्ताह में छह दिन उपलब्ध होगी।

**हेल्पलाइन नंबर**

- सोमवार : 9415000709 और 9451388945
- मंगलवार : 9415291712, 9415101736, 9005819999
- बुधवार : 9415188700, 9415004020, 9795146250, 9235555190
- गुरुवार : 9456022781, 7355761661, 9452266404, 8004430853
- शुक्रवार : 8960000860,
- शनिवार: 9452266404, 8960000860, 9005819999

दोपहर 12 से तीन बजे तक उपलब्ध रहेंगे शिक्षक और काउंसलर।

i-NEXT PAGE 3

# साइकोलॉजिकल सलाह देगी लखनऊ यूनिवर्सिटी

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (6 May): कोरोना महामारी के दौरान अधिकांश छात्र मानसिक दबाव में हैं. इसके अलावा आम लोग भी कई तरह की साइकोलोजिकल प्रॉब्लम को फेस कर रहे हैं. इसे देखते हुए एलयू ने लोगों को क्लीनिकल और साइकोलॉजिकल एडवाइस देने के लिए पहल शुरू की है. सोमवार से लेकर शनिवार तक दिन में 11 से 6 बजे तक विशेषज्ञ लोगों के सवालों का जवाब देंगे. इसके लिए लखनवाइट्स यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं.

**एक नजर में शेड्यूल**

| | |
|---|---|
| **मंडे** | |
| 12 से 2 तक डॉ. वैशाली गुप्ता | 9415000709 |
| 2 से 3 तक डॉ अर्चना वशिष्ठ | 9451388945 |
| **ट्यूसडे** | |
| 12 से 2 बजे तक डॉ. नगमा | 9415291712 |
| 12 से 2 बजे डॉ. अमृता श्रीवास्तव | 9415101736 |
| 1 से 2 बजे तक डॉ. कीर्ति मदानी | 9005819999 |
| **वेडनेसडे** | |
| 12 से 2 बजे तक डॉ. मधुरिमा | 9415188700 |
| 4 से 6 बजे तक पीके खत्री | 941500420 |
| 3 से 5 डॉक्टर अनुपमा श्रीवास्तव | 9235555190 |
| **थर्सडे** | |
| 12 से 2 प्रो. ललित कुमार सिंह | 9456022781 |
| 11 से 1 बजे तक डॉ. उषा चौधरी | 7355761961 |
| 3 से 4 बजे डॉ. अंचल श्रीवास्तव | 945266404 |
| 3 से 5 बजे डॉ. मालिनी श्रीवास्तव | 8009430853 |
| **फ्राईडे** | |
| 1 से 2 बजे डॉ. अर्चना शुक्ला | 8960000860 |
| **सैटरडे** | |
| 3 से 4 बजे डॉ. अंकित श्रीवास्तव | 9452266404 |
| 1 से 2 बजे तक डॉ. अर्चना | 8960000860 |
| 5 से 6 बजे तक डॉ. कीर्ति | 9005819999 |

JAGRAN CITY PAGE I

# युवाओं ने जोड़े मदद के लिए हाथ

जासं, लखनऊ: कोरोना संकट के बीच सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं भी तेजी से प्रसारित हो रहीं। अस्पताल, आक्सीजन, दवाओं आदि की उपलब्धता के लिए नंबरों की तमाम तरीके की सूची मौजूद है, जिसमें से कई नंबर तो लगते ही नहीं और अधिकतर गलत भी होते हैं।

इन दिक्कतों को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के लॉ फैकल्टी के रजत सिंह और बॉटनी डिपार्टमेंट की ज्योत्सना सिंह ने यूनीएक फॉर कोविड समूह बनाया। वर्तमान में समूह से प्रदेशभर से करीब 400 युवा जुड़े हैं, जो कोरोना काल में जरूरतमंद लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने के साथ ही उन्हें जरूरी चीजों की आपूर्ति भी कर रहे हैं। ज्योत्सना सिंह बताती हैं, जून 2020 में राष्ट्रीय एकीकरण के लिए यूनिवर्सिटी नेशनल इंटीग्रेशन अवेयरनेस क्लब बना था। इसी को कोरोना जन्य माहौल को देखते हुए हमने 18 अप्रैल 2021 को यूनीएक फॉर कोविड में बदला। हम सूचनाओं को वैरिफाई करके जरूरतमंदों तक जानकारी पहुंचाते हैं। इंस्टाग्राम हैंडल यूनीएक इंडिया पर भी अच्छा रिस्पांस मिला है।



यूनीएक फॉर कोविड ग्रुप बनाने वाले युवा • सौ.: स्वजन

**...और जुड़ते गए युवा:** आइटी कालेज की प्रियदर्शी, आरजे सत्या, गौरव ह्यूमन, आउन, आशीष सिंह, सुदीप, भास्कर व एकता मदद में भूमिका निभा रहे। उत्तराखंड में अस्मिता, छत्तीसगढ़ में मौसमी और पुणे में आशीष पाल भी ग्रुप से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक मदद पहुंचा रहे हैं।

JAGRAN CITY PAGE I

# छात्रों के नकारात्मक विचारों को दूर करेगा लखनऊ विवि

जागरण संवाददाता, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय का काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल विवि और संबद्ध कालेजों के छात्रों व अन्य की कोरोना काल के तनाव से बाहर निकलने में मदद करेगा। इसके तहत बढ़ते संक्रमण के चलते मानसिक रूप से परेशान छात्रों को बताया जाएगा कि वे कैसे इस समस्या से निपट सकते हैं। विवि प्रशासन ने काउंसलर के नंबर विवि की वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं।

विवि के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि महामारी की दूसरी लहर पहले की तुलना में अधिक भयावह है। छात्र कोविड के कारण अपने निकट संबंधियों और मित्रों को खोने के डर से पीड़ित हैं। वे स्वयं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भार लेते हुए नकारात्मक विचारों के चक्रव्यूह में फंस जाते हैं। ऐसे में इस अवांछित स्थिति का सामना करने के लिए और खुद को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से उन्नत करने के अवसर के रूप में परिवर्तित करने के लिए छात्रों को परामर्श देने की जरूरत है। इसी मकसद से विश्वविद्यालय द्वारा मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक और काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल के समन्वयक ने स्वयंसेवकों द्वारा परामर्श दिए जाने का निर्णय लिया है। डा. श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार से लेकर शनिवार तक दोपहर 12 से तीन बजे तक रोजाना काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल के दो परामर्शदाता छात्रों व शहर के किसी भी व्यक्ति, जो मनोवैज्ञानिक पीड़ा से गुजर रहे हैं, के लिए फोन पर निश्शुल्क उपलब्ध रहेंगे। कोई भी छात्र अपने व्यक्तिगत मुद्दों के बारे में परामर्शदाता से बात करने की आवश्यकता महसूस करता है, तो वह कर सकता है। परामर्श और मार्गदर्शन सेल की सुविधा विवि की वेबसाइट पर दिए गए कार्यक्रम के अनुसार सप्ताह में छह दिन उपलब्ध होगी। काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा प्रधान ने बताया कि अब तक 17 शिक्षक इस कार्यक्रम से जुड़ चुके हैं।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

# टैगोर लाइब्रेरी ने ई-लाइब्रेरी की सुविधा दी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सभी छात्रों को इस कठिन समय में भी शिक्षा का लाभ पहुंचाने के लिए टैगोर लाइब्रेरी में कुछ कदम उठाए गए हैं। लाइब्रेरी ने छात्रों को अपनी ई लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई है। छात्र इंटरनेट के जरिए ई लाइब्रेरी में मौजूद पुस्तकों सहित अन्य अध्ययन सामग्री का उपयोग कर सकते हैं।

टैगोर की ई लाइब्रेरी में 9273 से अधिक ऑनलाइन ई-पुस्तकें, 12 ऑनलाइन डेटाबेस और अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों की ऑनलाइन पत्रिकाओं का विशाल संकलन मौजूद है। लखनऊ विश्वविद्यालय के होमपेज पर उपलब्ध लाइब्रेरी हाइपरलिंक के अंदर साइबर लाइब्रेरी भाग में अथवा होमपेज पर ही उपलब्ध ऑनलाइन स्टडी मैटेरियल फॉर स्टूडेंट्स के अंदर एक्सेस ई रिसोर्सेस ऑफ टैगोर लाइब्रेरी में क्लिक करने पर ये सामग्री मिल जाएगी।

TOI PAGE 2

# Online fest to infuse positivity

Times News Network

**Lucknow:** Lucknow University's Sanskritiki Board will organize an online cultural event, Festtastic, from May 11-15. Besides showcasing their talent, the event will help students of LU and affiliated colleges break the monotony since they are indoors in the pandemic. performing on their terraces, comforts of their living rooms, or gardens.

"In present times when everything is uncertain, this online event will boost our morale," said MSc student and Festtastic coordinator Ayush Shukla. One programme will be held every day. A singing competition will be held on Day 1, and followed by dance, poetry writing, open mic, poster making and gaming events among others.

We are generating an online google form through which students can participate. Every participant student will have to submit a video showcasing their talent and the best ones will be live-streamed.

# LU Covid Relief Army comes to aid of patients

Times News Network

**Lucknow:** A student of Lucknow University, who hails from Bihar, was in need of money to get her Covid-19 positive mother admitted to a hospital, while a girl student of a college in Hyderabad was running short of money to buy Remdesivir injection for her father.

Both of them got financial help from LU Covid Relief Army, a group of 35 students which raises funds for corona patients who cannot afford medicines, oxygen cylinders, food and other essentials.

The army has helped around 36 families across the country so far besides motivating around 160 people to get themselves vaccinated by sharing case studies over calls and messages, telling them how the jab can save life.

**STUDENTS' GRP**

"We are getting a huge response from people who want to donate money to help poor families with Covid-19 patients. We connect people who are in need of help with donors, said Devansh Krishna Srivastava, an army member and BA honours student.

The army is also building a network to inform people from where they can purchase life-saving drugs or oxygen cylinders, he added.